राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

अपीलीय प्राधिकार के समक्ष सूचना का अधिकार संबंधी अपील वाद
संख्या–67 (लो0सू0अ0)/2023–24

श्रीमती झुनझुन कुमारी, पिता–स्व. गीता सिंह, सा.–रतौली लोदीडीह, था.–सिंगौल, पो.–विनोदपु
जिला–बेगूसराय

बनाम

लोक सूचना पदाधिकारी–सह–माननीय मुख्यमंत्री, बिहार, पटना

आदेश की क्रम संख्या एवं तिथि	आदेश फलक
08.08.2023	श्रीमती झुनझुन कुमारी, पिता–स्व. गीता सिंह, सा.–रतौली लोदीडीह, था.–सिंगौल, पो.–विनोदपुर, जिला–बेगूसराय के माध्यम से एक प्रथम अपील आवेदन दिनांक–04.08.2023 इस कार्यालय में दिनांक–08.08.2023 को प्राप्त हुआ है। उक्त अपील आवेदन के साथ शुल्क के रूप में गैर न्यायिक मुद्रण संख्या–07AA 968394 (जो दिनांक–13.06.2023 को निर्गत है) इसके साथ संलग्न किया है। अपीलार्थी श्रीमती झुनझुन कुमारी ने अपने अपील आवेदन में यह सूचित किया है कि उनके द्वारा दिनांक–24.03.2023 को सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन लोक सूचना पदाधिकारी–सह–माननीय मुख्यमंत्री महोदय को दिया था। लोक सूचना पदाधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराने के फलस्वरूप महामहिम राज्यपाल, बिहार के समक्ष प्रथम अपील दायर किया है। उक्त अपील आवेदन के साथ प्रपत्र 'क' दिनांक–24.03.2023 की प्रति संलग्न है। विदित हो कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत माननीय मुख्यमंत्री लोक सूचना पदाधिकारी के रूप में Designated नहीं है और न ही महामहिम राज्यपाल, बिहार उनके अपीलीय प्राधिकार के रूप में Designated है। अपीलार्थी ने गलत लोक सूचना पदाधिकारी एवं गलत अपीलीय प्राधिकार के समक्ष अपना आवेदन/अपील आवेदन समर्पित किया है। अतः प्राप्त अपील आवेदन को अस्वीकृत किया जाता है। सभी संबंधित को सूचित करें। ह0/- 8/8/2023 विशेष कार्य पदाधिकारी –सह– प्रथम अपीलीय प्राधिकार

ज्ञापांक-1278/रा0स0(III) दिनांक-11.08.2023

प्रतिलिपिः- लोक सूचना पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, पटना/लोक सूचना पदाधिकारी, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार/श्रीमती झुनझुन कुमारी, पिता-स्व. गीता सिंह, सा.-रतौली लोदीडीह, था.-सिंगौल, पो.-विनोदपुर, जिला-बेगूसराय को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई.टी. प्रबंधक, एन.आई.सी., राजभवन, पटना को आदेश के प्रति अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह0/- 8/8/2023

विशेष कार्य पदाधिकारी